

1998 के बाद आस्ट्रेलिया पहली बार पाकिस्तान का दौरा

1998 के बाद आस्ट्रेलिया पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर रही थी। इस दौरे पर आस्ट्रेलिया ने 3 टेस्ट मैच, 3 वनडे और एक टी20 मैच खेला। टेस्ट सीरीज को आस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस के नेतृत्व में 1–0 से जीता था जबकि 3 मैचों की वनडे सीरीज में उसे 2–1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरे के खत्म होने के बाद आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का आइपीएल खेलने का रास्ता साफ हो गया है और आने वाले दिनों में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आइपीएल में धूम मचाते नजर आएंगे।

## एरान फिंच ने पाकिस्तान दौरे को बताया ऐतिहासिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लाहौर के ऐतिहासिक गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टी20 में आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 3 विकेट से हरा कर जीत के साथ दौरे का अंत किया है। इस मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 162 रन बनाए थे जिसे आस्ट्रेलिया की टीम ने 5 गेंद शेष रहते 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आस्ट्रेलिया की तरफ से एरान फिंच ने कप्तानी पारी खेलते हुए 45 गेंद पर 55 रन बनाए। फिंच मैन आफ द मैच भी चुने गए। मैच के बाद फिंच ने अपने गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनकी नजर आने वाले टी20 वर्ल्ड कप के साथ–साथ वनडे वर्ल्ड कप पर भी है। टीम में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि टीम का भविष्य अच्छा है। उन्होंने हंसते हुए कहा कि अब उनके गेंदबाजों को बाबर आजम के खिलाफ गेंदबाजी नहीं करनी पड़ेगी। इस दौरे को खास बताते हुए उन्होंने फैंस का धन्यवाद किया। कप्तान के एक्साइटमेंट का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि उन्होंने ट्विटर के माध्यम से भी इस दौरे को लेकर अपनी भावना लोगों से साझा की।

# धोनी की तरह फिनिशर बनने की राह पर हैं दिनेश कार्तिक

क्रिकेट

## दिनेश कार्तिक ने वैसी ही पारी खेली जैसी हमें जरूरत थीः फाफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। दिनेश कार्तिक जब बल्लेबाजी करने उतरे जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम काफी मुश्किल में थी। पांच विकेट पर टीम 87 रन खो चुकी थी। ऐसे में टीम को उनसे जिस तरह की पारी को संभाला वह कमाल था। लक्ष्य 170 रन का था और जीत दूर लग रही थी। पर कार्तिक ने वह किया जिसकी उनसे टीम को उम्मीद रही होगी। रफ्तार और प्रहार। उन्होंने बेंगलोर की पारी को जरूरी किक दी। टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने भी कार्तिक की तारीफ की। उन्होंने माना कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने पूरा दम दिखाया। बैंगलोर के खिलाफ जीत के बाद भी कार्तिक के इरादे साफ थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा, मैं लगातार सचेत प्रयास किया है कि मैं खुद के साथ न्याय कर सकूं। मुझे लगता है कि बीते कुछ वर्षों में मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकता था। मैं अलग तरह से ट्रेनिंग कर रहा था। खुद से मैं एक ही बात कर रहा था, मैं अभी खत्म नहीं हुआ हूं। मेरा एक लक्ष्य है और मैं उसे हासिल करना चाहता हूं।



कार्तिक ने 23 गेंद पर 44 रन की पारी खेली। उन्होंने सात चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने शाहबाज अहमद के साथ मिलकर 5.2 ओवर में 67 रन की साझेदारी की। डु प्लेसिस ने कहा, यह करिश्माई पारी रही। हारे हुए मैच को यूं जीतने के लिए आपको मजबूत चरित्र वाले खिलाड़ियों की जरूरत होती है। और दिनेश कार्तिक इस स्थिति के लिए परफेक्ट खिलाड़ी हैं। जिस शांति से वह मैदान पर खेलते हैं वह दूसरों को आकर सेटल होने का मौका देती है।


आरसीबी के कप्तान ने आगे कहा, मुझे लगता है कि 19वें ओवर तक हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। इसके बाद जोस बटलर के कुछ शॉट्स ने हमारे गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। इस वजह से उन्होंने अच्छा स्कोर बना लिया। हमें अच्छी शुरुआत नहीं मिली। युजवेंद्र चहल ने हमारे बल्लेबाजों पर लगाम लगाकर रखी। डुप्लेसिस ने कहा कि इसके बावजूद हमें अपने खिलाड़ियों पर यकीन था। उन्होंने कहा, हमें यकीन था कि हम कहीं से भी जीत सकते हैं। शाहबाज की पारी कमाल की थी। वह पतले हैं लेकिन वह लंबे शॉट मारते हैं और उनके पास साफ गेमप्लान है। वह गेंदबाजी में भी अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। अहमद ने 26 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 45 रन की पारी खेली।

# कभी मच्छरों के साथ गुजरती थीं रातें, अब फाइव स्टार में सोते है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। वसंत मोहिते की उम्र है 57 साल। उनकी जिंदगी में अचानक बड़ा बदलाव आया है। वह लग्जरी होटलों में रह रहे हैं। कुछ ऐसा कर रहे हैं जिसका तसव्वुर उन्होंने ख्वाबों में नहीं किया होगा। असल में यह सब मुमकिन हो पाया है आईपीएल की वजह से। इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन में मोहिते की जिंदगी में यह खूबसूरत मुकाम आया। उन्हें वह मिला जो शायद आम दिनों में नहीं मिल पाता।

मोहिते मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ग्राउंडमैन हैं। और इस बार कन्फेक्शरी कंपनी कैडबरी ने ग्राउंड्स स्टाफ को पांच सितारा होटलों में ठहराने का बंदोबस्त किया है।




ग्राउंड–स्टाफ की मेहनत अकसर अनदेखी ही रह जाती है। बहुत कम लोगों का उन पर ध्यान जाता है। इन ग्राउंड स्टाफ को डिजाइनर मसाबा की डिजाइन की हुई ड्रेस मिली है। साथ ही खाना और ग्राउंड से होटल और वापस आने के लिए बस और फैरी भी मिल रही है। वसंत इसे चमत्कार से कम नहीं मानते। अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक उन्हें अभी तक इस पर यकीन नहीं हो रहा। वह कहते हैं– एक दिन मुंबई क्रिकेट असोसिएशन ने कहा कि इस सीजन में हमारे रहने का इंतजाम कैडबरी करेगी। वे हमें कपड़े और खाना देंगे। और वह भी अगले दो महीने तक, जब तक आईपीएल चलेगा। मोहिते की जिंदगी पहले इससे काफी अलग थी। काफी मुश्किल। मुकाबले अकसर देरी से खत्म होते। और उनकी शिफ्ट उसके भी बाद। अब इतनी रात को घर जाना संभव नहीं था। तो स्टेडियम में स्टैंड के नीचे बने छोटे स कमरे में सो जाते। वह बताते हैं, श्मच्छर काट के दिमाग खराब कर देते हैं। मैच के बाद हम कहीं नहीं जा सकते। ट्रेन बंद हो जाती हैं। तो हम मैदान पर अपने ऑफिस में ही सो जाते ते। अगर कोई मैच नहीं है तो हम मैदान पर सुबह 9 बजे पहुंचते और शाम छह बजे तक काम करते।

## विकेट लेने के मामले में टाप पर चल रहा ये धुरंधर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। इस सीजन में अब हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 128 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। वर्तमान में इस सूची में वो गेंदबाज टाप पर है जिसे मेगा आक्शन के पहले दिन खरीददार तक नहीं मिला था। कोलकाता की तरफ से खेल रहे उमेश यादव 3 मैचों में 8 विकेटों के साथ लीड कर रहे हैं। इसमें से 4 विकेट तो उन्होंने एक ही मैच में हासिल किया था। इस सूची में दूसरे नंबर पर राजस्थान के गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने जगह बना ली है। वे 7 विकेटों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। मंगलवार को खेले गए मैच में उन्होंने 4 ओवर की गेंदबाजी में 15 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। उनके इस प्रदर्शन के बाद लखनऊ के गेंदबाज आवेश खान तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

## न्यूज डायरी





## वसीम अकरम की इस सलाह से विराट के बल्ले से बरसेंगे रन दन दना दन?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को सलाह दी है। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में भी कोहली खुलकर रन नहीं बना पा रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ 29 गेंद पर 41 रन की पारी को छोड़ दें तो कोहली ज्यादा कुछ नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सिर्फ 12 रन बनाए। वहीं मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वह छह रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 70 शतक हैं लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने नवंबर 2019 के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई शतक नहीं लगाया है। कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तानी छोड़ दी है। इससे उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर काम करने के लिए वक्त मिल सकता है। 33 वर्षीय कोहली का जल्द लय में लौटना भारत और बेंगलोर की टीम के लिए बहुत जरूरी है।

## राजनीति में उतरने को तैयार पाकिस्तान के दो और ऑलराउंडर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान में राजनीति संकट लगातार गहरा रहा है। देश में जल्द ही चुनाव हो सकते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नेशनल असेंबली में विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, जिसे स्पीकर ने खारिज कर दिया था। इसके साथ ही इमरान खान ने असेंबली को भंग करने का आदेश पारित किया था। जिसमें देश में फिर से चुनाव की स्थिति बन गई है। अभी अविश्वास प्रस्ताव खारिज करने का मामला कोर्ट में है। माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में पाकिस्तान में आम चुनाव हो सकते हैं। इस चुनाव से पाकिस्तान के दो और दिग्गज क्रिकेटर की राजनीति में एंट्री हो सकती है। इमरान खान खुद पाकिस्तान के कप्तान रह चुके हैं। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने 1992 वर्ल्ड कप जीता था। इमरान की गिनती दुनिया के टॉप ऑलराउंडर में होती थी। अब दो और ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी और मोहम्मद हफीज चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

## युजवेंद्र चहल की शानदार गेंदबाजी के बाद खुशी से झूम उठीं धनश्री वर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने गेंदबाजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के दो बल्लेबाजों को पविलियन भेजा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर चहल की फिरकी के आगे उनकी पुरानी फ्रैंचाइजी के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाए। इस लेग स्पिनर ने न सिर्फ अहम मौकों पर विकेट निकाले बल्कि रनगति पर भी लगाम लगाए रखा। चहल के इस प्रदर्शन का उनकी पत्नी धनश्री वर्मा ने भी पूरा लुत्फ उठाया। चहल ने चार ओवरों में सिर्फ 15 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। चहल ने अपने पहले ओवर में बेंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसिस को पविलियन की राह दिखाई और अगले ओवर में डेविड विली को चलता किया। फिरकी गेंदबाज ने इसके साथ ही विराट कोहली को रन–आउट करने में भी अपना किरदार निभाया। चहल ने जैसे ही डेविड विली को बोल्ड किया, स्टैंड्स में बैठीं उनकी पत्नी धनश्री वर्मा खुशी से झूम उठीं।

## कोच पैडी अप्टन ने धौनी को बताया युवराज से बेहतर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धौनी की तारीफ आए दिन होते रहती है। कोई उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट फिनिशर कहता है तो कोई सफल कप्तान लेकिन 2011 वर्ल्ड कप फाइनल में धौनी के एक फैसले ने सबको चौंका दिया था जब वे शानदार फार्म में चल रहे युवराज सिंह से पहले खुद बल्लेबाजी करने पहुंच गए थे। हालांकि हर दांव की तरह उनका ये फैसला भी बिल्कुल सटीक बैठा और भारत ने उस दबाव वाले मैच में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 28 साल के सपने को साकार कर दिया। उन्होंने 91 रन की नाबाद पारी खेली थी। अब उस फैसले को लेकर भारतीय टीम के मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन ने प्रतिक्रिया दी है।